<u>वीयू –टीबी उन्मूलन के संदेश के साथ विश्व क्षय रोग दिवस पर विविध क्षय रोग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित</u>

जबलपुर। आज दिनांक 24.03.2026 नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. (प्रो.) मनदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा के नेतृत्व में विकृति विज्ञान विभाग, पशु चिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य पशुओं से इंसानों में फैलने वाले जूनोटिक क्षय रोग (टीबी) के प्रति जन जागरुकता बढ़ाना तथा इसके रोकथाम एवं उपचार के बारे में लोगों को जानकारी प्रदान करना था।

इन कार्यक्रमों का आयोजन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित परियोजना के सौजन्य से किया गया।

इस अवसर पर जिला चिकित्सालय विक्टोरिया, जबलपुर में टीबी के मरीजो को प्रोटीन युक्त खाद्य सामग्री, मास्क, ग्लव्ज एवं सैनिटाइजर का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जबलपुर, डॉ संजय मिश्रा जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मधु स्वामी, डायरेक्टर रिसर्च सर्विसेस, NDVSU के द्वारा किया गया, साथ ही परियोजना प्रमुख अन्वेषण डॉ. यामिनी वर्मा, विभागाध्यक्ष उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में टीबी रोग से ग्रसित मरीज, जिला क्षय रोग विभाग के समस्त कर्मचारी एवं पशु विकृति विज्ञान विभाग के पीजी के समस्त छात्र उपस्थित रहे। सीएमएचओ डॉ मिश्रा के द्वारा अपने उद्बोधन मे कहा गया कि टीबी रोग असाध्य नही हैं और लोगों को इससे घबराने कि आवश्यकता नहीं हैं। जिला क्षय अधिकारी डॉ. संतोष ठाकुर के द्वारा टीबी के लक्षणों के बारे मे परिचय दिया। डॉ स्वामी के द्वारा जूनोटिक ट्यूबरक्लोसिस के बारे में बताया गया कि टीबी पशुओं से इंसानों और इंसानों से पशुओं में फैलता हैं और इसके रोकथाम कि अत्यंत आवश्यकता है। तातत्पश्चात इस रोग से बचाव हेतु रैली को आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ सीएमएचओ एवं जिला क्षय रोग अधिकारी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया ।

कार्यक्रमों की श्रृंखला में विकृति विज्ञान विभाग के द्वारा मंडला एवं जबलपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाए गये। अन्य कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए ई– पोस्टर, एवं स्लोगन राइटिंग की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. अमिता दुबे एवं डॉ. मनीष जाटव उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसंकपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि, जबलपुर